तापमान

अधिकतम 000 डिग्री

न्यूनतम 000 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025



13 नगरी में आज 35 फीट रावण के पुतले का होगा दहन





14 राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का 100 वां स्थापना दिवस मनाया...






## खबर संक्षेप

### कोसरिया यादव समाज की बैठक 5 को

**कुरुद/धमतरी।** छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज की प्रदेशस्तरीय बैठक 5 को कुरुद स्थित कालीमाई मंदिर में रखी गई है। बैठक में समाजिक संगठन की मजबूती के लिए चर्चा की जाएगी। यह जानकारी तुलसीराम यादव प्रदेश संगठन सदस्य ने दी है।

### गणेशपुर में आज नाचा

**जीजामगांव।** ग्राम गणेशपुर में आज 3 अक्टूबर शुक्रवार को दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए संगीछुरिया नाचा पार्टी बिलईडबरी भाटापारा जिला बलौदाबाजार की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में सरपंच गंगाप्रसाद मिश्रा, जगदीश साहू पंच, जीवन साहू ग्राम पटेल, कल्याण यादव ग्रामीण सचिव, देवानंद ध्रुव ग्रामीण अध्यक्ष सहित बाल समाज के सदस्य एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### विजयादशमी उत्सव व पथ संचलन आज

**नगरी।** आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर खंड नगरी का विजयादशमी उत्सव, शस्त्र पूजन और पथ संचलन आज राजाबाड़ा नगरी में होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भुवनेश्वर साहू पूर्व प्रदेश सहमंत्री विश्व हिन्दू परिषद छग प्रांत होंगे। अध्यक्षता पेंशनर संघ के अध्यक्ष रैनलाल देव करेंगे। इससे पूर्व सरस्वती शिशुमंदिर नगरी में 12 बजे स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण होगा। 2 बजे पथ संचलन प्रारंभ होगा। पथ संचलन सरस्वती शिशुमंदिर से प्रारंभ होकर जनपद तहसील कार्यालय चौक, शहीद स्मारक, बस स्टैंड चौक, बजरंग चौक, देना बैंक चौक होते हुए राजाबाड़ा सभा स्थल तक होगा। यह जानकारी आरएसएस के नगरी खंड संघचालक गोकुलराम देवांगन व मोतीलाल दिवाकर खंड कार्यवाह ने दी है।

### भोथीपार में रात्रिकालीन कबड्डी 4 को

**कोर्रा-भखारा।** ग्राम भोथीपार में जय बजरंग कबड्डी दल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 4 अक्टूबर शनिवार को रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 8001, द्वितीय पुरस्कार 5001, तृतीय पुरस्कार 3001 और चतुर्थ पुरस्कार 1501 रुपये दिया जायेगा। बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर, आलराउंडर पर 251 रुपये का आकर्षक इनाम दिया जाएगा। इसकी तैयारी में लक्ष्मीनारायण, उमाशंकर पटेल, गोपेश्वर पटेल, पितेश्वर पटेल जुटे हैं।

### इंडोर स्टेडियम में चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** पुलिस को मुखबिर से रमेश कोसरिया द्वारा आमातालाब रोड स्थित इंडोर स्टेडियम परिसर में धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। यहां आरोपी रूपेश कोसरिया उर्फ रुप्पू धारदार चाकू लहराकर आने जाने वालों को डरा-धमका रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी के कब्जे से धारदार चाकू बरामद किया। धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्जकर आरोपी रूपेश कोसरिया पिता चंद्रहास उम्र 22 वर्ष महंत घासीदास वार्ड धमतरी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है आरोपी रमेश कोसरिया के खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज है। थाने में आरोपी पर धारा 294, 506 भादवि एवं धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी के पूर्व आपराधिक प्रकरण को देखते हुए पुलिस गुंडा फाइल खोलने की तैयारी कर रही है।



**दशहरा महोत्सव :** 40 फीट रावण के पुतले का दहन, आतिशबाजी से रंगीन हुआ आसमान

# राम नाम के जयघोष से गूंज उठा रामलीला मैदान

- रैनी पत्ता देकर एक दूसरे को दी दशहरे की बधाई, गांव- गांव में हुआ रामलीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रात करीब 8 बजे रामलीला मैदान में 40 फीट उंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण के जलते ही चारों ओर भगवान श्रीराम के जयघोष से पूरा मैदान गूंज उठा। इसके बाद रंग बिरंगी आतिशबाजी से आसमान रोशन हो गया। लोग टकटकी लगाए आतिशबाजी का दृष्य देखते रहे। लगातार हो रही चाकूबाजी जैसी वारदात को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दशहरा का उत्सव मनाया गया।

नौ दिन तक मां शक्ति की आराधना के बाद 2 अक्टूबर गुरुवार को बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार दशहरा धूमधाम से मनाया गया। गांव-गांव में रावण के पुलते का दहन और रामलीला का मंचन किया गया। धमतरी में नगर निगम ने इस साल 40 फीट ऊंचाई वाला रावण का पुतला तैयार किया था। दोपहर को रावण के पुतले को रामलीला मैदान में खड़ा किया गया। रावण का स्वरूप देखने के लिए दोपहर के बाद ही लोगों का आना जाना शुरू हो गया था। शाम से पहले ही यहां मेला सज गया था। गणेश चौक से लेकर विंध्यवासिनी मंदिर तक खचाखच भीड़ नजर आई। करीब 6.30 बजे अछोटा की भूले बिसरे नाट्यकला मंडली के द्वारा रामलीला का मंचन शुरू किया गया। करीब डेढ़ घंटे तक रामलीला चली। इसके बाद रावण वध किया गया। भगवान राम के वेशधारी कलाकार और जनप्रतिनिधियों ने तीर से रावण की नाभि पर प्रहार किया। नाभि पर तीर लगते ही रावण के मुंह से आग निकलने लगी और रावण धू-धू कर जलने लगा। इस दौरान पूरा माहौल भगवान राम के जयघोष से गूंज उठा।



### बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक : रामू

विजयादशमी महोत्सव के अतिथि महापौर रामू रोहरा ने कहा कि विजयादशमी केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश है। भगवान श्रीराम का आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। आगे कहा कि रावण दहन का अर्थ केवल पुतला जलाना नहीं है, बल्कि अपने भीतर से अहंकार, क्रोध और ईर्ष्या जैसी बुराइयों को दूर करने का संकल्प लेना है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे धमतरी को स्वच्छ, सुंदर और संस्कारित बनाएं।



### अच्छी रही नगर निगम की तैयारी

इस साल रावण के पुतले को दिव्यांग कलाकार प्रहलाद कुंभकार ने तैयार किया था। रावण का आकार और बनावट अच्छी थी। निगम द्वारा दर्शकों के लिए सुरक्षा और बैठक व्यवस्था भी अच्छी रखी गई थी। वीआईपी, पत्रकार, जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोगों के लिए करीब 250 कुर्सी की व्यवस्था की गई थी। इसके अतिरिक्त मंच के सामने भी मैट बिछाकर लोगों के लिए बैठक व्यवस्था की गई थी। दशहरा उत्सव में नगर निगम के अतिरिक्त तीन अन्य विभाग का सहयोग रहा। नगर निगम द्वारा बैरिकेडिंग के लिए वन विभाग से सहयोग लिया गया था। स्वास्थ्य विभाग , अग्निशमन विभाग और विद्युत विभाग ने अपनी व्यवस्था दुरूस्त रखी थी। दशहरा उत्सव में पुलिस विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### शस्त्र पूजा के बाद निकली शौर्य यात्रा

मराठा समाज विजयादशमी पर्व को हर साल धूमधाम से मनाता है। इस साल भी सुबह से मराठा समाज के सभी सदस्यों के घर में शस्त्र पूजा की गई। शाम करीब 6.30 बजे मां तुलजा भवानी मंदिर से मराठा समाज ने शौर्य यात्रा निकाली। यह यात्रा मराठापारा, गणेश चौक होते हुए मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची, जहां पर रैनी की टहनी को तलवार से काटा गया। इसके बाद सभी घर लौट आए। हर घर के मुख्यद्वार पर रंगोली सजाकर लकड़ी का पीढ़ा रखा गया था। शौर्य यात्रा से लौटने पर इसी पीढ़ा में घर के सदस्यों का आरती तिलक कर स्वागत किया गया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर रैनी पत्ता देते हुए विजयादशमी की बधाई दी।

### मनमोहक आतिशबाजी का हुआ नजारा

रावण दहन के बाद नगर निगम द्वारा मनमोहक आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया, जिसके चलते रावण दहन के बाद भी लोग मैदान पर डटे रहे। हर आतिशबाजी के बाद स्काई शॉट छोड़ा रहा था, जिससे आसमान रंगीन रोशनी से जगमग रहा। आतिशबाजी में पांच सितारा चक्र, बिन बादल बरसात, नौ रंग की सूरजमुखी, गुब्बारा, साउंड, गोल्डन सेहरा, झाड़ू झरना, झूला चक्र, कैलाश मंडल, नूरानी सेहरा, चंदन हार, नीली बरसात आदि प्रमुख थे।

## दशहरा पर पुलिस ने की अस्त्र-शस्त्र की पूजा

**धमतरी।** दशहरा के अवसर पर पुरानी परंपरा का निर्वन करते हुए रक्षित केन्द्र सहित जिले के सभी थाना व चौकी में अस्त्र शस्त्र की पूजा की गई।

विजयादशमी असत्य पर सत्य एवं अधर्म पर धर्म का प्रतीक माना जाता है। विजयादशमी पर देवी अपराजिता एवं मां रणचण्डी की विशेष पूजा-अर्चना के साथ अस्त्र शस्त्र की पूजा करने की परंपरा रही है। धमतरी पुलिस भी इस प्राचीन परंपरा को वर्षों से निभाती आ रही है।



इसी कड़ी में गुरूवार 2 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने रक्षित केन्द्र में अधिकारियों एवं जवानों के साथ विधि-विधान से अस्त्र शस्त्र एवं शासकीय वाहनों की पूजा अर्चना की। पूजा के बाद उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों सहित जिले व सभी नागरिकों को विजयादशमी पर्व की बधाई दी। मौके पर एसपी सहित पुलिस अधिकारियों ने हर्ष फायर किया। इस दौरान एएसपी, सीएसपी, डीएसपी, रक्षित निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

# सड़क हादसों में एक की मौत पांच से अधिक घायल

- चिटौद, गुजरा व श्यामतराई मंडी के पास हुई सड़क दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बुधवार को तीन अलग-अलग जगह पर हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है, वहीं पांच से अधिक लोग घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम पुरुर निवासी राजवीर यादव उर्फ राहुल पिता प्रह्लाद उम्र 19 वर्ष मजदूरी करता था। बुधवार की रात्रि राजवीर, पुरुर के दोस्त हेमराज साहू और सूरज साहू के साथ मोटरसाइकिल में झांकी देखने धमतरी आ रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे में तेज रफ्तार अज्ञात कार , युवकों की बाइक को ठोकर मार भाग गई।

कार की टक्कर से युवक बाइक सहित दूर जा गिरे। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए वरदान एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने राजवीर यादव उर्फ राहुल को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घायल सूरज साहू पिता बृजलाल उम्र 17 वर्ष की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रायपुर रिफर कर दिया। घायल हेमराज साहू पिता सुकालूराम उम्र 23 वर्ष का जिला अस्पताल में उपचार किया गया। चौकी पुलिस ने गुरुवार को पंचनामा की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया।



### पिकअप की ठोकर से बाइक सवार घायल



बुधवार की रात्रि भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम गुजरा निवासी दयासागर साहू व खिलेश्वर साहू भखारा गए थे , जहां से दोनों बाइक से वापस अपने घर ग्राम गुजरा लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप ने गुजरा के पास बाइक को चपेट में ले लिया। पिकअप की ठोकर से बाइक सवार दोनों युवक के पैरों में गंभीर चोट आई है। घायलों को उपचार के लिए गुजरा अस्पताल ले गए। वहां एम्बुलेंस नहीं मिलने पर घायलों को निजी वाहन की मदद से इलाज के लिए धमतरी लाया गया। अन्य घटना में कार क्रमांक सीजी 07 बीसी 7075 ग्राम चंदनबिरही से धमतरी की ओर लौट रही थी। इसी दौरान नेशनल हाईवे में श्यामतराई मंडी के पास कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में दो महिला सहित पांच लोग सवार थे। घटना में सभी को मामूली चोट आई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि कार सवार ग्राम चंदनबिरही निवासी रिश्तेदार से मिलकर लौट रहे थे।

### नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक नवविवाहिता ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय लालबगीचा गौरा चौक निवासी नीरज विश्वकर्मा की वर्ष 2020 में सामाजिक रीति रिवाज के साथ केंवरा विश्वकर्मा उम्र 25 वर्ष के साथ शादी हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। बुधवार को नीरज अपनी पत्नी के साथ अपने आटो सेंटर गया था। दोपहर को दोनों वापस घर लौट आए। घर पहुंचकर पति पत्नी भंडारा में खाना खाने चले गए। खाना खाने के बाद केंवरा घर लौट गई। नीरज बाद में घर पहुंचा। शाम को नीरज प्रतिमा विसर्जन करने चला गया। वहीं केंवरा खाना बनाने की तैयारी में जुट गई। इसी दौरान केंवरा ने घर में फांसी लगा ली। मां ने अपने बेटे नीरज को केंवरा द्वारा फांसी लगाने व उसे उपचार के लिए मसीही अस्पताल ले जाने की जानकारी दी। महिला ने कमरे में लगे सिलिंग फैन में दुपट्टा का फंदा बनाकर फांसी लगाई थी। नीरज के अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने चेकअप के बाद महिला को मृत होना बताया। मृतिका के नवविवाहिता होने के कारण कार्यपालिक मजिस्ट्रेट द्वारा शव का पंचनामा किया गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।

# तालाब, पोखर में आ रहा कृषि रसायनों का असर

- अंधाधुंध कीटनाशकों का हो रहा खेतो में उपयोग, फिर भी कीट प्रकोप कम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धान के बाद धान की खेती ने जैविक खेती के अभियान का कबाड़ा कर दिया है। इस साल कीट प्रकोप इतना है कि अंधाधुंध कीटनाशकों का उपयोग हो रहा है। कृषि केंद्रों में पेनिकल माइट और माहू के लिए कीटनाशक खरीदने के लिए किसानों की भीड़ उमड़ रही है। जैविक खेती अब सिर्फ सपना बनकर रह गया है।

पिछले कई साल से जिला प्रशासन जैविक खेती के लिए प्रयास कर रहा है। इस अभियान में लाखों रूपए फूंक दिए गए हैं, लेकिन रिजल्ट कुछ भी नहीं मिला है। धान के बाद धान की खेती करने से हर साल कीट का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इस प्रकोप को नियंत्रित करने के लिए किसान कीटनाशकों का उपयोग कर रहे हैं। इस साल माहू और पेनिकल माइट का प्रकोप ऐसा है कि कीटनाशक भी काम नहीं कर रहा है। किसान फगेंद्र साहू, रेखराम साहू ने बताया कि वे इस सीजन में 7-8 बार कीटनाशक का छिड़काव कर चुके हैं। इसके बाद भी कीट प्रकोप खत्म नहीं हुआ है। वे फिर से कीटनाशक का छिड़काव करने की तैयारी कर रहे हैं। उधर कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से नदी, तालाब, पोखर आदि में भी इन रसायनों का असर आने लगा है। धान की फसल में हमेशा पानी भरा रहता है। इसी में किसान रासायनिक खाद और कीटनाशक का छिड़काव करते हैं। यह पानी खेतों से होते हुए नालों और नदियों में पहुंचता है। भूजल रिचार्ज भी इसी पानी से होता है। कीटनाशक और रासायनिक खाद युक्त इस प्रदूषित पानी से लोगों का गुजारा हो रहा है।



### जैविक खेती मिशन की सुस्त रफ्तार

जिले को जैविक जिला बनाने के लिए दो योजनाएं चल रही हैं। जैविक खेती मिशन और परंपरागत कृषि विकास योजना। ये योजनाएं वर्ष 2015-16 से चल रही हैं। शुरूआत नगरी ब्लाक को पूर्णतः जैविक बनाने का लक्ष्य लेकर की गई। विडंबना यह है कि 10 साल में भी यह योजना नगरी ब्लाक से बाहर नहीं आ पाई है और नगरी ब्लाक के कुछ गांवों तक ही सिमट गई है। पिछले 11 सालों से जैविक खेती मिशन और परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत कुछ ही हेक्टेयर में जैविक खेती की जा रही है। कुरूद, मगरलोड और धमतरी ब्लाक में जैविक खेती का नामोंनिशान नहीं है।

## कांग्रेसियों ने गांधी व शास्त्री को किया याद

**कुरूद।** स्थानीय ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विचार संगोष्ठी का आयोजन किया। अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि भारत के अनमोल रत्न महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी का त्याग, तपस्या, बलिदान देश के इतिहास में सदैव अमर रहेगा। सुश्री राजकुमारी दीवान व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव तारिणी चन्द्राकर ने कहा कि दोनों विभूतियों ने देश को स्वतंत्रता कराने के साथ आपसी भाईचारा, सद्भावना, शिक्षा, स्वास्थ्य पर जागरूकता पर विशेष जोर दिया । पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चन्द्राकर ने कहा कि देश गांधीजी व शास्त्रीजी के बताए रास्ते पर चलकर ही खुशहाल, समृद्ध हो पाया है। वर्तमान समय में देश में बढ़ती नशाखोरी व भ्रष्टाचार चिंता का विषय है। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेशर साहू, पूर्व प्रदेश सेवादल संयोजक रवि शर्मा, नपा नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, पार्षद उत्तम साहू, पूर्व पार्षद चुम्मन दीवान, राघवेन्द्र सोनी, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री पप्पू राजपूत, लव चन्द्राकर, तुलसीराम साहू, पंकज जोशी, पप्पू शर्मा सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।



**बंगाली दुर्गोत्सव में बंगाल की संस्कृति और परम्परा की दिखी झलक**

# सिंदूर खेला के साथ हुई मां दुर्गा की विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गुरुवार को दुर्गा महादशमी पर्व पर बंगाल की संस्कृति और परम्परा का अनोखा नजारा देखने को मिला। समाज की सहागिन महिलाओं ने धुनुची नृत्य और सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को विदाई दी। सार्वजनिक बंगाली दुर्गा पूजा समिति धमतरी बंगाली एसोसिएशन विगत 29 वर्ष से शारदीय दुर्गा उत्सव का आयोजन करते आ रहा है।

विवेकानंद नगर स्थित महाराणा प्रताप रिसोर्ट में दुर्गा महादशमी की पूजा सुबह 9.30 बजे से शुरु हो गई। पं. देवप्रसाद मुखर्जी ने बताया कि बंगाली संस्कृति में मां दुर्गा को बेटी मानी जाती है जो दशहरा के दिन अपने मायके से विदा लेकर ससुराल लौटती है। सिंदूर खेला इसी विदाई का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

श्रीमती रंजना भट्टाचार्य, संगीता सरकार बताती हैं कि विजयादशमी उनका प्रमुख त्योहार है। 10 दिनों तक माता उनके घरों में रहती है। विजयादशमी के दिन बेटी को विदा किया जाता है। विदा के समय पान के पत्तों से आंसू पोंछकर उन्हें विदाई दी जाती है। इस दिन एक दूसरे को सिंदूर लगाकर माता को हंसी खुशी विदा करते हैं। महिलाएं मां दुर्गा से लंबी उम्र, सुखी वैवाहिक जीवन और परिवार की सुरक्षा का आशीर्वाद मांगती हैं। इसके बाद महिलाएं एक दूसरे के मस्तक, गाल, हाथ की पारंपरिक चूड़ियों में सिंदूर लगाती हैं। बंगाली दुर्गोत्सव में बंगाली एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय भट्टाचार्य, महासचिव दिनेश डे, कोषाध्यक्ष देवाशीष पाटकर के साथ बंगाली महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं।






## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप





### पचपेड़ी में बजरंग बली की मूर्ति स्थापित

**कोर्रा-भखारा।** पचपेड़ी सब स्टेशन में कर्मचारियों द्वारा बजरंग बली की मूर्ति स्थापित की गई। सब स्टेशन के अधिकारियों ने इस स्थापना में अपना विशेष योगदान दिया। मौके पर दुपेंद्र साहू, युगल सिन्हा पुष्पेंद्र, आपरेटर महेंद्र साहू, हरीश साहू, ताम्रध्वज, टुकेश्वर साहू, कृष्ण मांडवी, पूरण साहू, करण साहू, खम्हन, राजू, हिरेंद्र कोठारी, विनोद पटेल, प्रकाश पटेल समेत अन्य उपस्थित थे।

### नगरवासियों ने हवन कुंड में डाली आहुतियां



**नगरी।** नव आनंद कला मंदिर द्वारा आयोजित नगर स्तरीय नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव का हवन एवं पूर्णाहुति बुधवार को गांधी चौक राजाबाड़ा में पूरे विधि-विधान से हुई। नगर पुरोहित पं ठकुरीधर शर्मा ने दुर्गा सप्तशती के 13 अध्यायों के साथ विशेष पूजा की। बीज मंत्रों के दिव्य उच्चारण के साथ जंगल से संकलित अनेक प्रकार की ताजी जड़ी बूटियां वाली आहूति दी गई। इसके लिए आकर्षक हवन कुंड तैयार किया गया था। इस हवन यज्ञ एवं पूर्णाहुति में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### गुदगुदा सोसाइटी की हुई आमसभा



**सिर्री।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित गुदगुदा में वार्षिक आमसभा का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि टुमेन्द्र साहू प्राधिकृत अधिकारी थे। समिति प्रबंधक मेघराज साहू द्वारा वित्तीय पत्रक का पठन पाठन सहित आय व्यय, लेखा जोखा एवं समिति द्वारा किसानों को दी जा रही सुविधाओं जैसे च्वाईस सेंटर केन्द्र, माईक्रो एटीएम से 10 हजार तक का आहरण, एग्रीस्टेक, धान पंजीयन, अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन ऋण वितरण की जानकारी किसानों को दी गई। मौके पर पवनकुमार साहू पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष, रघुनंदन साहू पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, श्यामाचरण साहू, गोपकुमार साहू, भानुराम साहू, एवनलाल साहू, जयंतीलाल साहू सहित कई अंशधारी किसान एवं समिति कर्मचारी देवराज साहू, रूपेन्द्र साहू, सोहनलाल निषाद, मंगलेश्वर निषाद, होरीलाल निर्मलकर, भानुप्रताप पटेल उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक/1295/तह./वा./2025 कुरूद, दिनांक 29/09/2025
रा.प्र.क्र. 202508130800024/अ-6/2024-25
ग्राम कुरूद, तहसील कुरुद

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम कुरुद को सूचित किया जाता है कि आवेदक शुभम गुप्ता पिता स्व. रोहित कुमार जाति बनिया निवासी ग्राम मकान नंबर 433 वार्ड नंबर 15 शिक्षक कालोनी कुरूद तहसील कुरुद जिला धमतरी के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि काश्त, ग्राम कुरूद प.ह.नं. 48 तहसील कुरूद जिला धमतरी में स्थित भूमि ख.नं. 596/350 रकबा 0.0160 हे. भूमिस्वामी रोहितकुमार पिता उदयराम गुप्ता के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज चली आ रही है जो कि उक्त भूमि को भूमिस्वामी/वसीयतकर्ता रोहित कुमार पिता स्व. उदयराम गुप्ता जाति बनिया द्वारा अपने जीवनकाल में उपपंजीयक कार्यालय कुरुद के माध्यम से दिनांक 26/03/2021 को आवेदक/वसीयतग्राही शुभम गुप्ता पिता श्री रोहित कुमार जाति बनिया के नाम पर दो गवाहों के समक्ष पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादन किया है। चूँकि वर्तमान में भूमिस्वामी/वसीयतकर्ता रोहित कुमार पिता स्व. उदयराम गुप्ता की दिनांक 13/06/ 2025 की मृत्यु हो चुकी है। अतएव आवेदक द्वारा आवेदित भूमि ख.नं. को पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर अपने नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज बी.1, खसरा, नक्शा एवं पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति पेश किये जाने से प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा आपत्ति हो तो स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15/10/2025 तकः समय 11:00 बजे लिखित में आपत्ति पेश कर सकते हैं। मियाद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 29/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं एवं न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कुरुद**

बीस दिनों से गंगरेल के जंगल में दंतैल कर रहा विचरण

# हाथी ने तोड़ी मकान की दीवार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर से करीब दस किमी दूर दक्षिण धमतरी के जंगल में एक दंतैल ने डेरा डाल रखा रहा है। वह विगत बीस दिनों से गंगरेल, खिरकीटोल, डांगीमाचा, तुमराबहार के जंगल में विचरण कर रहा है। हाथी ने दर्जनों किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा चुका है वहीं दो मकानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। हाथी विचरण वाले क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत है। गजराज की मौजूदगी से ग्रामीणों की नींद उड़ गई है।

हाथी निगरानी दल से मिली जानकारी के अनुसार चंदा दल के सिंगल हाथी ने 10 सितंबर को बालोद जिले के जंगल से होते हुए धमतरी जिले में प्रवेश किया है। तब से वह विश्रामपुर, तुमराबहार, खिरकीटोला, डांगीमाचा, गंगरेल के जंगल में विचरण कर रहा है। इस दौरान वह दर्जनों किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा चुका है। दो अक्टूबर की रात डांगीमाचा निवासी जनकराम ध्रुव के कच्चे मकान की दीवार को तोड़ दिया है।



**गंगरेल में पर्यटकों के लिए बढ़ा खतरा**

गंगरेल पर्यटन अपने पिक पर है। रोजाना हजारों की संख्या में लोग सैर सपाटे के लिए पहुंच रहे हैं। इस क्षेत्र में हाथी का विचरण पर्यटकों के लिए खतरा है। गंगरेल मरादेव निवासी गैंदलाल, कोमल साहू बताते हैं कि कई पर्यटक पिकनिक पार्टी के लिए जंगल की ओर चले जाते हैं। इससे हाथी का खतरा बना रहता है। हालांकि वन विभाग का निगरानी दल हाथी पर नजर रखा हुआ है। वन विभाग ने गंगरेल, खिरकीटोला, विश्रामपुर, तुमराबहार, मां अंगारमोती माता मंदिर को हाई अलर्ट पर रखा है, वहीं मुड़पार, भोयना, शकरवारा, सोरम, बेलतरा, बोरिदखुर्द, कसावाही, बेंद्रानवागांव, भटगांव आदि गांव को अलर्ट किया है।

## मुजगहन को नशामुक्त बनाने 50 ग्रामीणों ने लिया संकल्प

**धमतरी।** गांधी जयंती पर ग्राम मुजगहन में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। ढोल-मंजीरे के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान ग्रामीणों ने पूरे गांव का भ्रमण कर नशा विरोधी संदेश दिया। प्रभात फेरी के पश्चात गांव के गांधी चौक में महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गायत्री परिवार के जिला समन्वयक दिलीप नाग ने कहा कि नशा व्यक्ति के तन, मन और धन तीनों को बर्बाद करता है। समाज को सशक्त बनाने के लिए युवाओं और नागरिकों को नशामुक्त होना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों को नशा त्यागने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर लगभग 50 ग्रामीणों ने सार्वजनिक रूप से नशा छोड़ने का संकल्प लिया। संचालन लखनलाल साहू द्वारा किया गया।

## बाजार कुर्रीडीह में लइका घर का शुभारंभ



**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम बाजार कुर्रीडीह में अवनीति एजुकेशन एंड ट्रेनिंग फाउंडेशन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और ग्राम पंचायत बाजार कुर्रीडीह के सहयोग से लइका घर खोला गया। लइका घर का उद्घाटन सरपंच श्रीमती मनीषा मरकाम , नरेश मरकाम और वरिष्ठ लोगों ने किया। यह लइका घर माह में 24 से 25 दिन सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक संचालित होगा, इसमें सात माह से तीन वर्ष के बच्चों की देखरेख की जाएगी और उन्हें दो समय नाश्ता और खाना के साथ-साथ बच्चों के विकास के अनुरूप खिलौने भी उपलब्ध रहेंगे। गांव में लइका घर खुलने से जहां बच्चों को पोषण का स्तर सुधरेगा, साथ ही माताओं और महिलाएं कार्य में अपना समय भी दे पाएंगी। मौके पर पंचायत सचिव खूबलाल ध्रुव, रोजगार सहायक टिकेश यादव, कन्हैया सलाम, संतराम, हेमंत पटेल, गिरधर नागवंशी, दिलीप सिन्हा, अक्तूराम नेताम समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पंडालों में हवन-पूजन व नौ कन्या भोज, दो दिन चलेगा विसर्जन

- भक्तों ने आरती उतारकर व्रत का किया समापन

**कुरूद।** विभिन्न दुर्गा पंडालों में विभिन्न समितियों द्वारा स्थापित की गई देवियों की पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ आराधना की गई। अष्टमी को मुख्य पंडाल बजरंग चौक, गांधी चौक, थाना चौक, पुराना बाजार चौक, सरोजनी चौक और संजय नगर में सदस्यों द्वारा हवन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। वहीं कई दुर्गा पंडालों की देवी मूर्तियां विसर्जित भी कर दी गईं।

कुरूद नगर सहित विभिन्न गांवों में लगे दुर्गा पूजा पंडालों में बुधवार को हवन पूजन किया गया। इसी के साथ घरों में भी नौ दिनों तक कलश स्थापना करके पूजन करने वाले



भक्तों ने आरती और कन्या पूजन के साथ व्रत का समापन किया। पूरे क्षेत्र में इस दिन देर शाम तक हवन की खुशबू और स्वाहा की ध्वनि गूंजती रही। जगह- जगह मां की सामूहिक आरती भी होती रही। इसी के साथ क्वांर नवरात्रि में मां की विदाई की तैयारी भी दुर्गा पूजा पंडाल संचालकों द्वारा शुरू कर दी गई। अवतार नवदुर्गोत्सव समिति के हवन में प्रथम अग्रवाल, विजय केला, हरीश केला, संजय केला, महिम शुक्ला, प्रतीक केला, मयंक वर्दयानी, हिमांशु, राजू, युग आदि मौजूद रहे। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे सेवा गीत मंडलियों, सांग बानाधारी श्रद्धालुओं के साथ दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

## दिव्यांगजनों को ट्राइसिकल, श्रवण यंत्र व सहायता राशि वितरित



- जनप्रतिनिधि समाज कल्याण के काम में ज्यादा दें ध्यान : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पंचायत सुशासन की इकाई बने, निर्माण कार्यो में फोकस करने की बजाय समाज कल्याण के कामों में रुचि लेकर ही आप अपनी सार्थकता सिध्द कर सकते हैं। उक्त बातें सेवा पखवाड़ा के तहत जनपद पंचायत कुरुद में आयोजित कार्यक्रम में विधायक अजय चन्द्राकर ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कही।

बुधवार को जनपद पंचायत कुरुद में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री चन्द्राकर ने दिव्यांगजनों को ट्राइसिकल, श्रवण यंत्र एव राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के चेक वितरित कर त्रिस्तरीय पंचायत में चुने गए जनप्रतिनिधियों को बताया कि निर्वाचित होने के बाद कुछ अधिकार मिलते हैं, लेकिन साथ ही कर्तव्य भी जुड़ा होता है। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा का उल्लेख करते हुए श्री चन्द्राकर ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति के माध्यम से समाज में बदलाव लाने का काम किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, भखारा नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, जिपं सभापति पूजा सिन्हा, कुलेश्वरी गायकवाड़, जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन, सभापति, सिन्धु बैस, चन्द्रशेखर साहू, आनंद यदु, सीईओ अमित सेन, मालकराम साहू, कुलेश्वर चन्द्राकर, टिकेश साहू, हरिशंकर साहू सहित जनपद सदस्य एवं सरपंच सचिव मौजूद थे।

**मेरे द्वारा की गई पहल बाद में राष्ट्रीय अभियान बना**

पंचायत मंत्री रहते खुद के द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि हमने सभी पंचायत प्रतिनिधियों के घर में शौचालय को अनिवार्य किया था। बाद में इसी को आगे बढ़ाते हुए केन्द्र सरकार ने गांवों को ओडीएफ कराया। उन्होंने सामने बैठे पंचायत सचिवों को निर्माण एवं मांग आधारित कामों की जगह केपिसिटी बिल्डिंग के लिए काम करने की समझाइश दी। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने भी संबोधित किया।

## भारत आज नई ऊंचाइयों को छू रहा है : नेहरू

- पेंशनर्स समाज भवन में जीएसटी रिफॉर्म व आत्मनिर्भर भारत पर हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

पेंशनर्स समाज भवन नगरी में जीएसटी रिफॉर्म और आत्मनिर्भर भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग ने कहा कि भारत आज आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बताया कि 1980 में रखी गई आर्थिक सुधारों की नींव से आगे बढ़ते हुए कोरोनाकाल जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना करते हुए भारत ने न केवल अपनी अर्थव्यवस्था को संभाला, बल्कि विश्व को वैक्सीन उपलब्ध कराकर मानवता की सेवा की। आगे कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग ही देश को आत्मनिर्भर बनाएगा। मोदी सरकार ने 15 अगस्त 2022 को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया था। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35-ए हटाने, अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक जैसी कुप्रथा का उन्मूलन ऐतिहासिक उपलब्धियां भी इसी दिशा में उठाए गए सशक्त कदम है।

कार्यक्रम में रवि दुबे सह वक्ता, अंगद बनपेला संरक्षक पेंशनर्स समाज, आरएल देव अध्यक्ष पेंशनर्स समाज नगरी, बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नपं नगरी, हृदय साहू उपाध्यक्ष जपं नगरी, मिश्री पटेल अध्यक्ष भोथली मंडल, मोहन नाहटा, कमल डागा, महेंद्र नेताम, रूपेंद्र साहू महामंत्री, दिनेश्वरी नेताम पूर्व जनपद अध्यक्ष, राजेश गोसाई सदस्य जपं, पेंशनर्स समाज के संरक्षक एएल बनपेला, केके एस परिहार संरक्षक, आरएल देव अध्यक्ष, पीआर चंद्रवंशी सचिव, बीएल सार्वा संगठन सचिव, गौतम साहू संयुक्त सचिव, एके सिन्हा वित्त नियंत्रक, जीएस वर्मा कोषाध्यक्ष, वी एस सुरेशा, एलएस गजपाल, शकुन कश्यप, अरुण सोम, रामरतन धुर्वे, रतिराम नाग, वीएस साहू, मोहन साहू, जीएल नाग, केएन पाण्डेय, आर पी तिवारी, श्री दीक्षित, आर शर्मा, एलएल नाग, दानवीर मरकाम उपस्थित थे।

भैंसबोड़ की दुर्गा प्रतिमाओं को बांधा तालाब में किया गया विसर्जन


# मां दुर्गा को विदा करते हुए भावुक हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम भैंसबोड़ में गुरुवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं और जंवारा को विसर्जित करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शक्ति की उपासना का नौ दिवसीय पर्व नवरात्रि भक्तिभाव पूर्वक मनाया गया। इस दौरान देवी के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की गई। नवरात्रि की महानवमी पर मंदिरों और दुर्गा पंडालों में हवन किया गया। गुरुवार को ंव के बांधा तालाब में प्रतिमा विसर्जन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

बांधा तालाब जाने वाले मार्ग पर हजारों श्रद्धालु और ग्रामवासी सड़क के दोनों ओर खड़े होकर जंवारा और प्रतिमाओं को निहारते हुए जयकारे लगा रहे थे। विजयादशमी के दिन श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां आदि शक्ति को





विदाई दी।

विसर्जन के दौरान विभिन्न मोहल्लों और चौराहों पर पंडालों में रखी देवी दुर्गा की प्रतिमाओं और जंवारा को लेकर समिति के सदस्य पंक्तिबद्ध होकर चलते रहे। पूरा गांव देवी दुर्गा के जयकारों से गूंज उठा। एक ओर सेउक ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए देवी मां का गुणगान कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर युवतियों और महिलाओं की टोलियां सिर पर जंवारा लिए पंक्तिबद्ध होकर चल रही थीं। बीच-बीच में कई युवतियां और महिलाएं जमीन पर लेटकर अपनी भक्ति प्रकट कर रही थीं। महिलाओं का समूह जंवारा लिए उनके ऊपर से गुजर रहा था। दुर्गा पंडालों से निकल रही देवी मां की प्रतिमाओं को वाहनों में भक्ति जस गीतों के साथ ले जा रहे थे। तालाब के घाट पर परंपरा के अनुसार एक-एक कर प्रतिमाओं और जंवारा का विसर्जन किया जा रहा था। विसर्जन का दौर देर शाम तक जारी रहा। शिव शक्ति दुर्गोत्सव समिति के भक्तों ने बांधा तालाब मार्ग नया बाजार चौक पर पेय पदार्थ और प्रसादी की व्यवस्था की थी।

इस अवसर पर रामप्रसाद ध्रुव शीतला बैगा, सुरुजभान ढीमर, जागेश्वर ढीमर, जिनेन्द्र साहू, तोरण नागारची, रोहित साहू, एवन साहू, नरसिंग यादव, दसरू यादव, मोहेंद्र, लोकेश यादव,दुलार सिंह, केदार ध्रुव लोकेश गंजीर, होमेंद्र साहू, गंगाराम तारक, डेमन साहू, दुलरवा राम, रवि, नीलकंठ, हिमांचल, अश्वनी नगारची, कोमल, रमेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### रासेयो व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम




**कोर्रा-भखारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना का 56वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव सोनबेर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर व्यक्तित्व विकास के साथ ही समाज सेवा की भावना जागृत होती है। युवा पीढ़ी वह शक्ति है जो छोटी छोटी पहल करके बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। इस दौरान सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल साहू, उत्कृष्ट स्वयंसेवक शैलेन्द्र एवं जागृति को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर प्राचार्य बालकृष्ण साहू, कार्यक्रम अधिकारी श्री सोनबेर, चैतराम साहू एवं पुष्पेन्द्र गुरु ने सम्मानित किया। प्राचार्य श्री साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। समाज में छोटी छोटी जरुरत को समझना और उनका समाधान करना ही सच्ची सेवा है। पूर्व प्राचार्य चैतराम साहू एवं पुष्पेन्द्र गुरु ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक संगठन नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका सिखाने वाला परिवार है। अनिल साहू ने कहा कि स्वयंसेवकों के साथ पर्यावरण संरक्षण, साफ-सफाई, नशामुक्ति अभियान, यातायात सुरक्षा, टीकाकरण अभियान, मां के नाम एक पेड़ समेत विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेकर बहुत कुछ सीखा।

- कोसमर्रा स्कूल में रासेयो का स्थापना दिवस मनाया गया

### भखारा में गांधी-शास्त्री की जयंती मनी




**कोर्रा-भखारा।** दो अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। भखारा के गांधी चौक में स्थापित महात्मा गांधी की मूर्ति के सामने सुबह 7 बजे विजडम फिजिकल ट्रेनिंग अकेडमी भखारा एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा 10 बजे माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने दोनों महापुरुषों के मार्गदर्शन पर चलकर देश में एकता और भाईचारा के साथ रहकर विकास में भागीदारी देने की बात कही।

### भक्तों ने पूजन कर माता रानी को दी विदाई



**कोर्रा-भखारा।** ग्राम कोर्रा में मां दुर्गा का विसर्जन किया गया। मां दुर्गा की प्रतिमा को बाजे गाजे के साथ सेवा गीत गाते हुए गांव का भ्रमण कराया गया। गांव की महिलाओं, बच्चों ने आरती की थाल लेकर पूजन कर श्रीफल भेंटकर विदाई दी। भक्तों ने मां दुर्गा का विधि-विधान से पूजन किया। इसके बाद माता रानी की प्रतिमा को विसर्जन के लिए शीतला तालाब ले जाया गया, जहां उन्हें विदाई दी गई। इस दौरान समिति के सदस्य आशीष साहू, जीवन साहू, भुनेश्वर साहू, श्रवण साहू, ईश्वरी प्रसाद समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### नौ कन्या भोज के बाद हुआ भंडारा



**कोर्रा-भखारा।** ग्राम अमलीडीह के मां बम्लेश्वरी मंदिर में मनोकामना ज्योति की स्थापना की गई थी। मंगलवार को हवन यज्ञ, नौ कन्या भोज के बाद भंडारा का कार्यक्रम रखा गया था। मौके पर सरपंच नेमिन साहू, उपसरपंच टाटेश्वर साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष जगदीशराम साहू, जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, सचिव अनुज साहू, सहसचिव दिनेश बनपेला, कोषाध्यक्ष देवनाथ साहू, रोमसिंह साहू, रामेश्वर साहू, अरुण निर्मलकर, संतोष निर्मलकर समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### कर्क ऋषि के कुंड की परिक्रमा कर मांगी खुशहाली



**नगरी।** ग्राम बांसपानी की पहाड़ी में स्थित बाबा कर्क ऋषि आश्रम में नवरात्रि पर्व पर लोगों की भीड़ रही। हवन में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। ज्ञात हो कि कर्क ऋषि आश्रम में क्वांर नवरात्रि में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की थी। आश्रम में प्रति दिन भक्तों ने बाबा कर्क ऋषि एवं रिखी मुनि की पूजा अर्चना की। बाबा कर्क ऋषि के कुंड की परिक्रमा कर मन्नत मांगी। मौके पर अधन सिंह मरकाम, दशरू मरकाम, रमेश मरकाम, रामसुंदर नेताम, कचरु मरकाम, सहदेव वट्टी, रामसिंग मरकाम, हेमलाल सिन्हा, पंचूराम मरकाम, रामू राम नेताम, सगराम जुरी, बिसु राम नेताम, सांवत मरकाम, मोहनदास मानिकपुरी, मोहन मंडावी, सोमारु, दीनबंधु नेताम, नभु निषाद, शंकर नेताम एवं आश्रम के पंडित रामधन व आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### अच्छी संगत से सुख और कुसंग से दुख उपजता है : साध्वी चंद्रकला



**धमतरी।** स्व. गौराम साहू की वार्षिक पुण्य स्मृति में चंद्रकला साहेब का दो दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया। भजन मंडली दवारा कबीरी भजन प्रस्तुत किया गया। अपने प्रवचन में चंद्रकला साहेब ने कहा कि अच्छी संगत से सुख और कुसंग से दुख उपजता है। अपने मन को अच्छे सत्कर्म में लगाना चाहिए। तन और मन को एक बनाने के लिए सतत प्रयास करना चाहिए। जीवन में स्वार्थ को छोड़कर परमार्थ में मन लगाना चाहिए। कटु वचन से झगड़ा उत्पन होता है। कबीर दास के उपदेशों को अपनाने से जीवन मंगलमय होगा। सत्संग में नवागांव से राधेश्याम साहेब, सेनचुआ जागु आश्रम से विजय साहेब, देवपुर से बसंत समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

### दीपावली से पहले माटी शिल्पियों को मिली सौगात



**धमतरी।** दीपावली पर्व से पूर्व महापौर रामू रोहरा द्वारा छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड के माध्यम से माटी शिल्पी हितग्राहियों को विद्युत चाक का वितरण किया गया। इस पहल से पारंपरिक कारीगरों के कार्य में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यक्रम में आमदी के हितग्राही देवकुमार खरतुली, उमेंद्र राम, होमन कुम्हार, ललित, होरी कुंभकार, कमलेश कुंभकार, ओमेश कुमार, श्रीमती प्रमिला और दादेश्वर को विद्युत चाक प्रदान किया गया। इस अवसर पर लाभान्वित माटी शिल्पियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं महापौर रामू रोहरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार और निगम के सहयोग से अब उन्हें आधुनिक उपकरण प्राप्त हुए हैं, जिससे मिट्टी के उत्पाद निर्माण कार्य और भी सुगम और तेज़ होगा। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि राज्य सरकार पारंपरिक कला एवं शिल्प को संरक्षित और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्युत चाक वितरण से न केवल उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि शिल्पियों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी।

- महापौर रामू रोहरा ने किया विद्युत चाक का वितरण

### भाजपा राष्ट्र के लिए काम करने वाली पार्टीः डॉ गजेंद्र



**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा ग्राम गुजरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अतिथि सेवा पखवाड़ा के प्रभारी उमेश साहू, महामंत्री राकेश साहू जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ गजेंद्र साहू, जनपद सदस्य श्रीमती फगेश्वरी साहू, दुर्गेश्वरी साहू सरपंच, डॉ ललित साहू, डॉ रामायण साहू, डॉ शेखर शर्मा, डॉ चितरंजन साहू, डॉ राजेश साहू थे। शिविर में लगभग 200 मरीज का इलाज कर दवाई का वितरण किया गया। चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ गजेंद्र ने बताया कि भाजपा राष्ट्र के लिए काम करने वाली पार्टी है। वह अपने नेताओं और महापुरुषों के जन्मदिन को सेवा के रूप में मनाती है। राष्ट्र की सेवा के साथ जनता की सेवा भाजपा का लक्ष्य है। चित्रलेखा साहू, ममता साहू, रामनारायण निर्मलकर, प्रद्युम्न साहू, अग्निबाई, प्रेमीन बाई ,प्रद्युम्न साहू, चुरामन लाल साहू, रामभगत साहू के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने शिविर का लाभ लिया।

- सेवा पखवाड़ा के तहत गुजरा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

### लिमतरा में हुआ नाटक का मंचन



**धमतरी।** नवरात्रि के समापन अवसर पर जय शारदा नाटय मंडली लिमतरा द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती भुनेश्वरी साहू सरपंच, शिक्षक घनश्याम सिंह साहू, परसराम तथा खुशी साहू ने किया। घनश्याम सिंह साहू ने कहा कि बाल कलाकारों द्वारा तैयार नाटय मंडली को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इस दौरान नवनिर्वाचित परिक्षेत्रीय अध्यक्ष तरुण साहू का अभिनंदन किया गया। प्रथम दिवस लक्ष्मण शक्ति नाटक का प्रदर्शन हुआ।

### गांधी-शास्त्री जयंती पर निकाली प्रभातफेरी



**धमतरी।** श्री नागेश्वर मानस प्रचार समिति द्वारा महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस वर्ष भी प्रभात फेरी निकाली गई जो तुलसी चौरा से प्रारंभ होकर नागदेव ठाकुर, देव गली, देवांगन चौक, तूफान चौक होते हुए लालबगीचा के रास्ते संपन्न हुई। इस दौरान सफाई जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर लक्ष्मीनारायण साहू, योगेश बंसोड़, ईश्वर पटेल, गिरधर देवांगन, भूषण साहू, विनोद पटेल, मानिक साहू, सालिक साहू, गैंदूराम साहू, संतोष साहू, विष्णु देवांगन, कैलाश नेताम, शिव पटेल, कुमारी विनीता साहू, लक्ष्मी नारायण ध्रुव उपस्थित थे।

### पचपेड़ी में गांधी-शास्त्री की जयंती मनाई गई



**अंवरी।** ग्राम पंचायत पचपेड़ी में गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। मौके पर जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन, सरपंच विनय साहू, उपसपंच राकेश पटेल, पंच वशिष्ठ साहू, लोमेश साहू, भूपेंद्र साहू, टीकम साहू, ईश्वर साहू,खेमलाल साहू,गिरजासंकर साहू,हेमलता साहू,कुमारी बाई, मितानिन परमिला साहू, नैनी बाई, मोहिनी बाई, ललिता बाई, स्वच्छता दीदी बिस्तिन बाई, हम बाई, गीतेश्वरी, मेट मोहित साहू, ख़ेमन साहू, भगवती साहू, बलदाऊ साहू, कामता साहू, लक्ष्मी साहू, सचिव गैंदलाल साहू, ऑपरेटर सरिता साहू तथा चपरासी राजेश यादव उपस्थित थे।

---

### आंध्रप्रदेश की आतिशबाजी रहेगी आकर्षण का केंद्र

# नगरी में आज 35 फीट रावण के पुतले का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

कौमी एकता का प्रतीक नव आनंद कला मंदिर नगरी द्वारा नगर स्तरीय नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। आयोजन समिति की सहभागी समिति श्री राम नवयुवक परिषद नगरी के महासचिव नरेश छेदैहा ने बताया कि नगरी का विजयादशमी महोत्सव रावणभाठा मैदान में हजारों की भीड़ के बीच प्रतिवर्ष एकादशी को मनाया जाता है। कार्यक्रम स्थल पर मेला जैसा माहौल रहता है। अनेक दुकानें सजती हैं।नगरी बस्तर राजवाड़ा से संबंधित नगर होने के कारण यहां भी जगदलपुर की तरह एकादशी के ही दिन विजयादशमी मनाई जाती है। तीन अक्टूबर शुक्रवार को आयोजित इस महोत्सव में इस वर्ष पुरानी बस्ती




सेवा दल के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जायेगा। राम दल और रावण दल के लिए अलग अलग रथ मंगाया गया है। इसकी शोभायात्रा नगर भ्रमण कर संध्या 5 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। रामलीला का मंचन आकर्षक वेशभूषा के साथ अनूठी शैली में किया जायेगा। इस वर्ष 35 फीट के रावण का पुतला बनाया गया है।पुतला दहन के तुरंत पश्चात आंध्र प्रदेश की आकर्षक आतिशबाजी होगी। आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन चुस्त है। नगर पंचायत नगरी द्वारा साफ सफाई तथा पेयजल की व्यवस्था की गई है। तैयारी में अध्यक्ष मोरध्वज पटेल, कोषाध्यक्ष अनिल वाधवानी, सचिव दीपेश निषाद, सहसचिव भरत लाल साहू, योगेश कुमार साहू, सह कोषाध्यक्ष मिस्त्री तातेड़,उपाध्यक्ष गण सुरेश साहू, अशोक पटेल, रवेंद्र साहू, अश्वनी निषाद, शंकर देव, देवचरण ध्रुव, देवेंद्र साहू, विकास सोनी, संकेत चौहान, नेहल देवांगन, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, समस्त पार्षदगण, नगर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नंद यादव, उपाध्यक्ष दुलेश्वर गौर, सहदेव साहू, ईश्वर साहू, दीनदयाल, हेमलाल सेन, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू जुटे हैं।



#### नगरी में बस्तर राजवाड़ा का साक्ष्य मौजूद

नगरी बस्तर राजवाड़ा से संबंधित नगर है। यहां की परंपरा बस्तर रियासत से जुड़ी हुई है जो आज़ भी कायम है। बस्तर राजवाड़ा का साक्ष्य नगर में आज भी कायम है। नगर के गांधी चौक पर बस्तर महाराजा द्वारा स्थापित प्राचीन दंतेश्वरी मंदिर प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में विख्यात है। उक्त स्थल को राजाबाड़ा के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर में बस्तर महाराजा के प्राचीन सिंहासन को संजोकर रखा गया है जिसमें पुजारी इतवारी नेताम द्वारा प्रतिदिन पुष्पांजलि दी जाती है। मंदिर में महाराजा प्रवीर चन्द्र भंजदेव तथा महारानी वेदवती का दुर्लभ चित्र मौजूद है।

#### बस्तर राजवाड़ा में पांच गांव नगरी का उल्लेख

बस्तर राजवाड़ा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में नगरी को पांच गांव नगरी के नाम से जाना जाता है। इसके अंतर्गत नगरी, सांकरा, रानीगांव, आमगांव और बिरगुड़ी शामिल है। इन पांचों गांवों में एकादशी को ही विजयादशमी मनाई जाती है।

## सिलघट में गांधी-शास्त्री को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



ग्राम पंचायत सिलघट में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामवासियों और पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वच्छता, सादगी और देशभक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सरपंच कृष्णा चेतन सोनकर, सचिव गैंदलाल साहू, उपसरपंच जीवन सिन्हा, मंजु ध्रुव, पुष्पा साहू, टामिन साहू, रूपा सिन्हा, गोमती पुष्पकार, राजेश्वरी साहू, खेमराज साहू, त्रिभुवन सिन्हा, जितेंद्र साहू, दौलत देवांगन, विजय देवांगन, नरेन्द्र साहू, बुधारू साहू, शिक्षक बिसेसर सिन्हा, खिलावन साहू, रेखराम ध्रुव, देवेंद्र सिन्हा, रामसिंग ध्रुव, कोमल ध्रुव, भुखऊ साहू, चुमेंद्र साहू, नरसिंग सोनकर, जितेंद्र सिन्हा उपस्थित थे।

## पांच साल की मासूम से अनाचार, छात्र संगठन में आक्रोश



- नायब तहसीलदार कुरूद को ज्ञापन सौंपकर सजा देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

केरेगांव थाना क्षेत्र के गांव सियादेही स्थित ईंट भट्ठे में खेल रही 5 साल की मासूम बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की घटना के खिलाफ छात्र संगठन एआईडीएसओ, युवा संगठन एआईडीएसओ और महिला संगठन एआईएमएसएस ने संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार कुरूद छत्रपाल चंद्राकर को ज्ञापन सौंपा।

छात्र संगठन ने दुष्कर्म के दोषी को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई करके उदाहरणमूलक सजा देने, पीड़ित बच्ची का उच्चस्तरीय इलाज, नशीली पदार्थों के उत्पादन व बिक्री पर रोक लगाने, बच्चियों और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, पूरे राज्य में पूर्ण शराबबंदी, 67 नई शराब भट्ठी खोलने के आदेश तत्काल रद्द करने की मांग की। इस प्रदर्शन में राज्य सचिव जैनपाल, धमतरी जिला अध्यक्ष डारेन्द्र साहू, जिला सचिव चंद्रभान चक्रधारी, सोमिन साहू, डेविड कुर्रे, विनय यादव, कमलनारायण साहू, नेमचंद, पंकज, ज्योति, भाविका, तेजपाल, मुनेश, निहाल, जान्हवी, लोकेश्वर, युवराज, अभिषेक, लीलेश्वरी, हर्ष, डिलेश, गुमान, रुपेश, चिंटू देवांगन, कालेश्वर, अनिल, कौशल उपस्थित

### विधायक की मौजूदगी में गरबा महोत्सव का समापन

## धर्म, संस्कृति और परंपरा का संगम है रास गरबा : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर के इंडोर स्टेडियम एवं चंद्राकर भवन कुरुद में आयोजित रास गरबा डांडिया महोत्सव का विधायक अजय चंद्राकर की उपस्थिति में समापन हुआ। प्रतिभागियों ने घाघरा चोली ड्रेस कोड में गरबा के विभिन्न स्टेप को पूरा किया। प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दिन युवा सेलिब्रिटी मिस इंडिया टीम की 14 वर्षीय पंक्ति बेदरकर ने भी शिरकत की।

रास गरबा डांडिया महोत्सव समिति एवं श्रीराम जानकी गरबा समिति के तत्वावधान में नौ दिनों तक चले रास गरबा डांडिया गरबा महोत्सव का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तृति के साथ हुआ। यहां विधायक चंद्राकर, पूर्व विधायक रंजना साहू एवं अन्य अतिथियों द्वारा रास गरबा के प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। युवा सेलिब्रिटी मिस टीम इंडिया 14 वर्षीय पंक्ति बेदरकर ने कैटवाक कर मॉडलिग और नये नये उभरते करियर की जानकारी दी। इस दौरान हजारों की संख्या में मौजूद नगरवासियों ने गरबा का लुत्फ लिया।



#### स्किल आधारित कौशल पर दिया जोर

इस दौरान गरबा को धर्म, संस्कृति और परंपरा का संगम बताते हुए विधायक अजय चंद्राकर ने समाज में महिलाओं की बढ़ती हुई भागीदारी और मोबाइल के दुष्प्रभाव और समाज पर दुष्परिणाम और युवाओं के स्किल आधारित कौशल विकास पर जोर देते हुए बताया कि गरबा परिवार न केवल महिलाओं और बालिकाओं को पारिवारिक माहौल में माता की आराधना करने के लिए मंच प्रदान करता है वरन् सामाजिक समरसता और सामूहिक भाईचारे की भावना भी समाज में बढ़ाता है। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि इस आयोजन ने नगर की माताओं, बहनों को एक सूत्र में बांधकर समरसता का संदेश दिया है।

इस अवसर पर पुष्पा तिवारी, कशिश जेठानी, प्रतिमा पिल्लै, वीणा खत्री, भारती सुंदरानी, संगीता श्रीवास्तव, सरिता देवगन, रेखा तिवारी, पूर्वी सुखरामणी, प्रसन्न नायडू, सूरज देवांगन, मोहन सुखरामणी, दुर्गेश द्विवेदी, नमिता चंद्राकर, सुरेखा चंद्राकर, रजनी साहू, भारती साहू, श्वेता अग्रवाल, दुर्गा चंद्राकर, मीना साहू, मनीषा साहू, इंदु देवांगन, रंजना चौबे, कल्पना गोस्वामी, अंशु साहू, पायल नाग, संध्या गोस्वामी, भारती चंद्राकर, प्रभात बैस, कमलेश चंद्राकर, भोजराज चंद्राकर सहित अन्य उपस्थित थे।

## महाष्टमी पर शीतला शक्ति पीठ सिहावा में हुआ हवन-पूजन



- नौ कन्याओं, लंगरुवा महाराज की पूजा-अर्चना कर कराया भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शीतला शक्ति पीठ सिहावा में मंगलवार को हवन, पूर्णाहुति हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ रही। पुजारियों ने माता शीतला की पूजा अर्चना आरती कर देवी मां के स्वरूप नौ कन्याओं व लंगरुवा महाराज की परम्परानुसार पूजा अर्चना कर उन्हें भोज कराया।

हवन 12 बजे प्रारंभ हुआ जो देर शाम तक चला। हवन में विभिन्न प्रकार की औषधियुक्त सांखला का उपयोग कर ज्योति धारी व अन्य श्रद्धालुओं ने आहुति डाली और माता की आरती उतारकर सुख समृद्धि की कामना की।

इस दौरान आचार्य चन्द्रहास दुबे ने बताया कि अष्टमी के दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा की जाती है। उनकी आराधना से मानसिक शान्ति स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त होती है।

मौके पर अध्यक्ष कैलाश पवार, प्रमुख संचालक कलमसिंह पवार, महासचिव नेमसिंह बिशेन, सहसचिव नरेंद्र नाग, नारद निषाद, बुधेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गैंदलाल यादव, तुकाराम साहू, पुजारी ज्ञानसागर पटेल, तुकासिंह बैस, राजेश यदु, बलदेव निषाद, राजकुमार निषाद, छबि ठाकुर, संजय सारथी, रामलाल नेताम, प्रवीण गुप्ता, गगन नाहटा, भरत निर्मलकर, सचिन भंसाली, किशन गजेन्द्र, महेंद्र कौशल, कुंवर साहू, मंशाराम गौर, शशिकला शांडिल्य, देवन्तीन श्रीमाली, रीना बिसेन समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने स्वदेशी अपनाने का लिया संकल्प



- दरबा में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी रिफॉर्म पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

सिर्री मंडल स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी रिफॉर्म के संबंध में कार्यशाला ग्राम दरबा में हुई। मुख्य वक्ता निरंजन सिन्हा प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य ने कहा कि अधिक से अधिक स्थानीय वस्तुओं का उत्पादन का इसका उपयोग करें। आगे कहा कि जीएसटी की दर में कटौती की गई है। विशेष तौर पर नियमित सेवाओं की वस्तुएं व कृषि आधारित वस्तुओं में बहुत ज्यादा कटौती हुई है।

गौकरण साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री स्वदेशी वस्तुओं को ज्यादा से ज्यादा खरीदने की अपील कर रहे हैं। सह प्रवक्ता पुष्पेंद्र साहू भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देते हुए जीजामगांव में औद्योगिक पार्क की स्वीकृति एवं मुख्यमंत्री से आईटीआई कॉलेज की मांग, चटौद डोम में हर्बल फटाका एवं गुलाल उत्पादन एवं प्रशिक्षण का शुभारंभ विधायक अजय चंद्राकर द्वारा किया गया। इस दौरान पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पत्र भरकर स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में हरिशंकर साहू सरपंच संघ अध्यक्ष, डा. लोकेश साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल, चंद्रशेखर साहू सभापति, अनुराग साहू जनपद सदस्य, बिसेलाल साहू, ठाकुर राम साहू, डॉ. कुमार साहू, गुलशन साहू, नारायण साहू, नागेश साहू, योगेश साहू, पूरण धृतलहरे, जयमित्र साहू सरपंच गोजी, हेमलाल यादव मंत्री खर्रा, हेमंत साहू, दिनेश कुमार, राजेश साहू, नरेंद्र ध्रुवंशी, योगेंद्र साहू, विनोद साहू, भोजराम साहू सहित बूथ अध्यक्ष व सरपंच उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गौरव भोंसले महामंत्री व आभार व्यक्त थानेश्वर तारक भाजपा सिर्री मंडल महामंत्री ने किया।

## आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर में 55 लाभान्वित



- वर्तमान में लोगों का विश्वास आयुर्वेद पर बढ़ा : डा. सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सिन्हा समाज की ओर से निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन सिन्हा समाज भवन में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक श्री आरोग्य मंदिर आयुर्वेद चिकित्सालय आमापारा के संचालक डा. धर्मेन्द्र सिन्हा, डा. प्रीति सिन्हा ने बताया कि आयुर्वेद के प्रति लोगों का दृष्टिकोण बदलने लगा है। आयुर्वेद शिविरों का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद को घर-घर तक पहुंचाना है। आयुर्वेद जड़ तक काम करता है। वर्तमान में लोगों का विश्वास अग्निकर्म, विद्धकर्म, क्षारसूत्र, रक्तमोक्षण, श्रृंगी तथा क्षारकर्म जैसे अणु शस्त्र कर्म चिकित्सा पर होने लगा है। अणुकर्म चिकित्सा से रोगियों को शीघ्र आराम मिलता है। शिविर में 55 रोगियों ने चिकित्सा लाभ प्राप्त किया।

समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम मगेन्द्र ने इस आयोजन की प्रसंशा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रहास सिन्हा जिला अध्यक्ष सिन्हा समाज थे। अध्यक्षता डॉ. आदित्य सिन्हा एमडी पैथोलॉजिस्ट जिला अस्पताल धमतरी ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. तिलक राम सिन्हा, हेमचंद सिन्हा कोषाध्यक्ष सिन्हा समाज थे। शिविर में आयुर्वेद कालेज से आए छात्र- छात्राओं ने अपनी सेवाएं दी।

## आत्मनिर्भरता ही सशक्त राष्ट्र की नींव है : रंजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं नेक्स्ट जीएसटी रिफार्म विषय पर कार्यशाला का आयोजन ग्राम तरसींवा में किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू प्रदेश उपाध्यक्ष ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने, वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहन देने और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग तथ जीएसटी रिफार्म पर जानकारी दी।

इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प पत्र का वाचन किया गया। कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाते हुए श्रीमती साहू ने कहा कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को आत्मनिर्भर भारत अभियान का सशक्त संवाहक बनना होगा। जब गांव-गांव में स्वदेशी वस्तुओं का प्रचार-प्रसार होगा, तभी यह संकल्प जन आंदोलन बनेगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दरगहन में ग्रामीण का हुक्कापानी बंद



**कुकरेल/धमतरी।** केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम दरगहन निवासी देवकरण साहू 16 सदस्यीय परिवार के साथ अपना जीवनयापन करता है। उसने बताया कि ग्रामवासियों ने उसके परिवार का हुक्कापानी बंद कर दिया है। पिछले होली त्योहार के समय ग्राम प्रमुखों से गाली गलौज करने की बात कहकर बैठक रखी गई थी। वहां उसे बुलाया गया था। बुलाने से पहले ग्राम प्रमुखों ने पहले से रजिस्टर में प्रस्ताव पारित कर लिया था जिसमें हस्ताक्षर करने कहा तो उसने कर दिया। दस हजार रुपए का दण्ड दिया जब इसकी पावती मांगी तो नहीं दी। सात सितंबर को फिर बैठक रखकर उन्हें तथा उनके परिवार को बुलाया और दस हजार रुपए की मांग की तो बड़ा भाई दस हजार देने को राजी हो गया। इसके बाद भी गांववालों ने उनके परिवार का हुक्कापानी बंद कर दिया है। इससे पीड़ित परिवार दहशत में हैं। देवकरण साहू ने बताया कि कोटवार ने गांव में मुनादी कर गांववालों को उनके परिवार के साथ बातचीत नहीं करने कहा है जिसके कारण उनकी खेती किसानी का काम प्रभावित हो रहा है। देवकरण साहू ने आगे बताया कि इसकी शिकायत 8 अक्टूबर को केरेगांव थाना, 16 को पुलिस अधीक्षक तथा 29 को कलेक्टर जनदर्शन में की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। श्री साहू ने आगे कहा कि यदि न्याय नहीं मिला तो वह अपने परिवार के साथ भूख हड़ताल पर बैठेगा। इस संबंध में ग्राम प्रमुखों से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन कोई संपर्क नहीं हो पाया।

- न्याय नहीं मिलने पर पीड़ित परिवार भूख हड़ताल पर बैठेगा

### युवक के साथ दो लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** दुर्गा विसर्जन देखने गए एक युवक के साथ दो लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को गजेंद्र राजपूत वार्ड नं. 15 नीलकंठ चौक महामाया पारा महासमुंद ने बताया कि 1 अक्टूबर की रात 11.30 बजे वह महामाया पारा की ओर से आ रही दुर्गा विसर्जन को देखने गया था और शीतला रोड साई मंदिर के पास खड़ा था, उसी समय भाऊ उर्फ हिमांशु साहू एवं पप्पू उर्फ छिछ्छड साहू आए और उसे देखकर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूदध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पेट्रोल पंप कर्मचारी से दो लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** सागरपाली के पेट्रोल पंप में काम करने वाले एक कर्मचारी के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट सरायपाली थाने में प्रार्थी ने दर्ज कराई है। पुलिस को प्रार्थी सरोज जायसवाल ग्राम लंबर ने बताया कि वह मां संतोषी फ्यूल्स सागरपाली में 30 सितंबर की रात 7 से सुबह 8 बजे तक ड्यूटी कर रहा था।

## धमतरी नगर की 15 बस्तियों में हुआ शस्त्र पूजन

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 100वां स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना का शताब्दी वर्ष मना रहा है। ज्ञात हो कि विजयादशमी पर्व के दिन 27 सितंबर 1925 को सरसंघचालक डॉ. बलीराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। तब से लेकर आज तक प्रतिवर्ष संघ अपने स्थापना दिवस को विजयादशमी महोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाता आ रहा है। इस दिन सभी स्वयंसेवक गणवेश में एकत्रित होकर शस्त्र पूजा करते हैं। इस शताब्दी वर्ष के निमित्त 2 अक्टूबर गुरूवार को धमतरी नगर की 15 बस्तियों में, संघ की विभिन्न शाखाओं में 572 स्वयंसेवकों ने एकत्रित होकर शस्त्र पूजा कर विजयादशमी महोत्सव मनाया।

नगर की सबसे पुरानी शाखा शिवाजी प्रभात शाखा में मराठापारा बस्ती के नए और पुराने स्वयंसेवकों ने सुबह 6.30 बजे बारी-बारी से शस्त्र पूजा कर देश की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाल्यकाल स्वयंसेवक, शिक्षक व ज्योतिषाचार्य चंद्रशेखर शर्मा थे। अध्यक्षता नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र ने की। शस्त्र पूजन, एकलगीत, सामूहिक गीत, अमृत वचन पश्चात स्वयंसेवकों को मुख्य वक्ता श्री शर्मा का उद्बोधन प्राप्त हुआ। श्री शर्मा ने सभी को बुराई पर अच्छाई, अन्याय पर न्याय की जीत के पर्व विजयादशमी महोत्सव की बधाई दी। उन्होंने बताया कि जब डॉ. हेडगेवार जी ने संघ की स्थापना की तब संघ में कुछ लोग ही उनके साथ थे। आज जब हम शताब्दी वर्ष मना रहे हैं तो इसकी संख्या लाखों नहीं, करोड़ों में चली गई है। संघ की स्थापना देशभक्ति और सेवा भाव को लेकर की गई थी। संघ आज जिस रूप में हमारे सामने है, उसमें स्वयंसेवकों द्वारा निःस्वार्थ भाव से, बिना प्रलोभन से जुड़ना और देश की सेवा करना प्रमुख कारण है।

स्वयंसेवक अपने प्राण को दांव पर लगाकर दूसरों के प्राण बचाने और सेवा करने में आगे रहे हैं। संघ को कई बार सरकार का विरोध भी झेलना पड़ा। सबसे पहले 1948 में प्रतिबंध का सामना करना पड़ा। महात्मा गांधी की हत्या के बाद नाथूराम गोडसे को संघ से जोड़कर संघ पर प्रतिबंध लगा दिया गया। दूसरा प्रतिबंध 1975 में श्रीमती इंदिरा गांधी की इमरजेंसी के समय लगाया गया। तीसरा प्रतिबंध 1992 में बाबरी विध्वंस के समय लगाया गया। इस तरह कई प्रतिबंध के बाद भी संघ ने आज वट वृक्ष का रूप ले लिया है। एक समय वह भी आया जब देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ नेशनल परेड में शामिल होने के लिए संघ को जवाहरलाल नेहरू ने बुलाया था। श्री शर्मा ने बाबू पंढरीराव कृदत्त, मोघे जी, शांताराम जी, कमलाकर जी को यादकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर इंदरचंद चोपड़ा, शिरोमणि राव घोरपड़े, राघवराव रणसिंह, प्रतापराव कृदत्त, विनोदराव रणसिंह, गोपाल रणसिंह, ऋषिकांत सिन्हा, कैलाशराव भोसले, ऋषभ घोरपड़े, प्रदीप अग्रवाल, सतीश भांडुलकर, शिवाजीराव भोसले, योगेश जगताप, सुनील राव घाटगे, शिवाजी साहू, दिनेश, देवेन्द्र गुप्ता, दीपक अग्रवाल, महावीर चोपड़ा, खुशहाल यादव, अरूण सोनकर, नेहिल गजेन्द्र, शिव नेताम, भागवत यादव, धनेश्वर यादव, लीना भारती सिन्हा, चेतना रणसिंह, नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट उपस्थित थे।

इसी तरह अर्जुनी बस्ती, सुंदरगंज बस्ती, मकेश्वर वार्ड, हटकेशर, रत्नाबांधा, सोरिद, बठेना, दानीटोला, गोकुलपुर, रिसाईपारा, पोस्ट आफिस वार्ड, जालमपुर, कोष्टापारा, सदर बाजार, रूद्री में भी विजयादशमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इन सभी बस्तियों में लगभग 600 गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजा की।

### 100 वर्षों की गौरव गाथा के साक्षी बने



- हटकेशर शाखा में शताब्दी उत्सव और शस्त्र पूजा सम्पन्न

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर हटकेशर शाखा में हर्षोल्लास के साथ शस्त्र पूजा एवं विजयादशमी उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला सरसंघचालक श्याम अग्रवाल एवं नगर निगम महापौर रामू रोहरा थे। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि संघ की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा के साक्षी बन रहे हैं। यह क्षण किसी दिव्य महाकुंभ में स्नान करने जैसा है, जहा वसुधैव कुटुम्बकम की भावना साकार होती है। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री राकेश साहू, मण्डल महामंत्री कोमल देवांगन, रोहिताश मिश्रा, रामायण साहू, डॉ. दिनेश नाग, सेवन्त साहू सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### गोकुलपुर बस्ती में भी हुआ शस्त्र पूजन

इसी तरह गोकुलपुर बस्ती में संघ का स्थापना दिवस एकलव्य खेल मैदान में मनाया गया। कार्यक्रम में जिला सह कार्यवाह सुनील यद्धु का उद्बोधन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक पाठक ने की। इस अवसर पर शाखा कार्यवाह चंद्रशेखर पदमवार, मुख्य शिक्षक धरमसिंह साहू, राकेश जाधव, केदारनाथ वाड़ी, गजेंद्र कवर, प्रकाश सिन्हा, नोहर देवांगन, हेमंत ,राजू महाराज, शैलेश चंद्राकर, हरलाल साहू, विशाल ब्रम्हे, शिवाजी साहू, दीपक पाठक, धनेश हिरवानी, लेखराम नेताम, नरेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

## आरएसएस विश्व का सबसे बड़ा संगठन





- रूद्री शाखा में विजयादशमी एवं शस्त्र पूजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

दो अक्टूबर को दानवीर भामाशाह प्रभात शाखा रूद्री में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष विजयादशमी उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवा ध्वज फहराने से हुई। इसके बाद अतिथियों एवं स्वयंसेवकों ने पारंपरिक रूप से शस्त्र पूजन किया। नगर सह संघचालक श्री शर्मा ने संघ के 100 वर्षों की गौरवगाथा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 1925 में नागपुर के मोहिते बाड़ा में केवल 12 बालकों से शुरू हुआ संघ आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन बन चुका है। संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन, स्वतंत्रता संग्राम और सनातन संस्कृति की रक्षा में संघ की भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने युवाओं को संगठन से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि आरएन ध्रुव ने कहा कि आज भारत विश्व का सिरमौर बनने की स्थिति में है, लेकिन इसे स्थायी बनाने का एकमात्र उपाय संगठन शक्ति है। संघ की यही सबसे बड़ी विशेषता है, जिसे समाज को आत्मसात करने की आवश्यकता है।

मुख्य वक्ता राजिम विभाग के सहकार्यवाह घनश्याम साहू ने कहा कि शाखा अनुशासन, संस्कार और राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। उन्होंने इसे व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया बताया। मौके पर रूपेंद्र साहू, मनोज साहू, उमेश साहू, जागेंद्र साहू, राहुल मानिकपुरी, मुकेश यादव, दुलेश्वर साहू, फ़नेश्वर पिथोरा, संतराम नेताम, राकेश सेन, दुलीराम सोनवानी, नरेश साहू, आर. शर्मा, गोपाल खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## रास गरबा के विजेताओं को मिला गोल्ड रिंग



- इंडोर स्टेडियम में हुए रास गरबा में सैकड़ों प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नवरात्रि पर रास गरबा आयोजन समिति द्वारा 8 दिवसीय रास गरबा का आयोजन 22 से 29 सितंबर तक शहर के आमातालाब रोड स्थित इंडोर स्टेडियम में किया गया था जिसमें सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ 22 सितंबर को हुआ। उद्घाटन अवसर के अतिथि छग भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, महापौर रामू रोहरा, समाजसेवी ऋतुराज पावर, दीपक सिंह ठाकुर, प्रीतेश गांधी, महेंद्र पंडित, प्रिंस छाबड़ा थे।

प्रतिभागियों को 5 वर्ग में बांटा गया। 8वें दिन 29 सितंबर को पांचों वर्ग के प्रथम विजेताओं को गोल्ड रिंग दिया गया। किड्स वर्ग में द्वितीय रहे बालक और बालिका को कंप्यूटर, तृतीय को मां दुर्गा की सिल्वर मूर्ति दी गई। पुरुष वर्ग में द्वितीय को स्मार्ट वॉच, तृतीय को मां दुर्गा की सिल्वर मूर्ति भेंट की गई। महिलाओं के दो वर्ग में द्वितीय को सूटकेस तथा तृतीय को मां दुर्गा की सिल्वर की मूर्ति दी गई।

इस अवसर पर कौशल्या देवांगन सभापति नगर निगम, विनय जैन, गौरव मगर, अतुल साहू, चंद्रभागा साहू, कुलेश सोनी, विभा चंद्राकर, मिथिलेश सिन्हा, हिमानी साहू, चेतन सिन्हा, राकेश साहू, पवन गजपाल, श्वेता गजपाल, वेदप्रकाश साहू, प्रेम प्रकाश साहू, विकास राठी, सोहन धीवर, अविनाश दुबे, सुभाष चंद्राकर, पोखराज साहू, लक्की रजक मौजूद थे।

## मासूम से दुष्कर्म, कांग्रेसजनों ने किया प्रदर्शन

- कहा : प्रदेश में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, यह चिंता का विषय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

केरेगांव थाना क्षेत्र में 5 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई वीभत्स घटना को लेकर विधायक ओंकार साहू व कांग्रेसजनों ने जिला अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर हाल चाल जाना एवं भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार की लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि

यह घटना न सिर्फ शर्मनाक है बल्कि भाजपा सरकार की नाकामी की पोल खोलती है। प्रदेश में मासूम बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। विधायक ने सरकार सरकार से मांग करते हुए कहा कि आरोपी पर शीघ्र फास्ट-ट्रैक मुकदमा कोर्ट में चलाया जाए और कठोरतम सजा दी जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहना ने कहा कि केरेगांव की यह घटना दिल दहला देने वाली है और प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था का जीता-जागता उदाहरण है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर फास्ट-ट्रैक कोर्ट के माध्यम से कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। यदि भाजपा सरकार अपराधियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई नहीं करती है, तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक जनता की आवाज बुलंद करेगी। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, अरविन्द दोशी वरिष्ठ, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, होरी लाल साहू, हितेश गंगवीर, विशु देवांगन, गुरु गोपाल गोस्वामी, हरमिंदर छाबड़ा, शास्त्री सोनवानी, उदित साहू, शुभम साहू, गीतराम सिन्हा, सूरज पासवान, केशव साहू, वातांजलि गोस्वामी, धर्मेंद्र पटेल, नमन बंजारे, सविना अंजुम उपस्थित थे।

## जीएसटी छूट को साझा करने प्रीतेश पहुंचे विभिन्न प्रतिष्ठान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

देश में जीएसटी सुधार की घोषणा 22 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की। घोषणा के बाद जो लाभ विभिन्न सेक्टरों, देशवासियों, जनमानस एवं व्यापारियों को प्राप्त हो रहा है, उसे साझा करने के लिए भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी व्यापारियों सहित आम लोगों के बीच पहुंचे। गौरतलब है कि 12 से लेकर 18 प्रतिशत तक की छूट विशेषकर जीवन रक्षक दवाइयों में मिली। शहर की 100 वर्ष पुरानी दाऊजी की आयुर्वेदिक दुकान मठ मंदिर चौक, ऑटो पार्ट दुकान महेंद्र खंडेलवाल सुंदरगंज वार्ड, बजरंग अग्रवाल की बर्तन दुकान में जाकर जीएसटी से आम जनमानस को होने वाले फायदे से अवगत कराया। इस दौरान राजेंद्र शर्मा पार्षद गण पिंटू यादव, कुलेश सोनी, सुधीर गांधी, कमलेश गांधी, विजय मोटवानी उपस्थित रहे। श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 वर्षों में भारत की छवि को वैश्विक पहचान दिलाने ऐतिहासिक कदम उठाए हैं जो आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत 2047 के लिए नींव का पत्थर साबित होगा। जीएसटी सुधार से व्यापारियों एवं आम लोगों को राहत मिल रही है। आज देश के हर वर्ग व्यापारी, किसान ,युवा, महिलाएं सभी वर्ग के लोगों को जीएसटी का लाभ मिल रहा है। इससे आर्थिक ग्रोथ देश की धरातल पर तेजी से बढ़ेगा। लोगों के जीवन स्तर में सुधार आयेगा।

## आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

**धमतरी।** लाल बगीचा वार्ड क्रमांक 3 में पार्षद-सभापति (विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग) श्रीमति हिमानी भागवत साहू के नेतृत्व एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र साहू, खूबलाल धरमगुड़ी, भारत साहू, दीपंकर कुमाड़िया, कमल पटेल, पंकज सेन, हेमंत नागरची, लक्की आजमानी, सुरेश धीवर, प्रमोद यादव, शैलेन्द्र साहू, श्रीमती महेश्वरी नेताम आदि मौजूद थे।

## बारिश ने बिगाड़ी दशहरा पर्व की रौनक

**नगरी।** विजयादशमी के दिन गुरुवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर होते-होते रिमझिम बारिश शुरू हो गई, जिससे दशहरा पर्व मनाने में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जहां एक ओर लोग रावण दहन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, वहीं अचानक हुई बारिश से आयोजन स्थलों पर अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई। जगह-जगह पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में कठिनाई हुई और दुकानदारों को भी नुकसान उठाना पड़ा। फिर भी उत्साह से लबरेज लोगों ने छाते और बरसातियों का सहारा लेकर पर्व में शामिल होने की कोशिश की।




## सांकरा स्कूल में रोपे गए 100 पौधे

**सांकरा।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम पर हायर सेकेण्डारी स्कूल सांकरा में सिंदूरी, जामुन, सीताफल, अमरूद के 100 पौधे रोपे गए। मौके पर नागेन्द्र बोरझा सरपंच, गिरवर भंडारी अध्यक्ष ग्राम व्यवस्था समिति सांकरा, राजेश्वरनाथ गोसाई जनपद सदस्य, पवन साहू उपाध्यक्ष ग्राम व्यवस्था समिति, छगन साहू सचिव ग्राम व्यवस्था समिति, उमेश सोरी वन परिक्षेत्र अधिकारी सांकरा, रविकुमार यादव सहायक परिक्षेत्र अधिकारी, नंदकुमार यादव वनपाल उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

## जोराताराई अं में महात्मा गांधी को याद किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

जोरातराई अं के गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, गोविन्द सिंह राजपूत प्राधिकृत अधिकारी भखारा सोसाइटी, खिलावन पाल पूर्व सरपंच, धनसाय साहू, ईश्वर निषाद उपसरपंच, मुकेश साहू मण्डल मंत्री, रामजी तारक बूथ अध्यक्ष, संतोष साहू बूथ अध्यक्ष, नेमी साहू, गोपाल सिंह राजपूत, मनहरण पाल, प्यरेलालपाल, प्रकाश निषाद, प्रकाश तारक हायर सेकेंड्री स्कूल अध्यक्ष, देवनारायण साहू पंच, बालमुकुंद साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## गांधीजी के आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम पंचायत मेचका के मुचकुंद ऋषि गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती सादगी व श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महात्मा गांधी के छायाचित्र का तिलक, वंदन, पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। लोगों ने उनके जीवन आदर्शों व अहिंसा तथा सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सरपंच जीवन लाल नाग, सचिव कुलदीप भीखराय, घनश्याम, फूलसिंग, पुनारद, नरेंद्र, सखाराम, भाऊसिंह, टिकेश, गोपाल, किशोर, दुकालू, कपिल देव, प्रताप यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। इस दौरान सरंपच गांधीजी के आदर्शों को आत्मसात करने और उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज